**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 10.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकुमार इंटर कॉलेज कस्बा नरैनी में चलाया गया जागरुकता अभियान । महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, सरकारी योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों एवं आपातकालीन सहायता सेवाओं आदि के बारे में दी गई जानकारी ।**

**विवरण-** महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकुमार इंटर कॉलेज कस्बा नरैनी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, सरकारी योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों एवं आपातकालीन सहायता सेवाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों- महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा डायल यूपी 112, एंबुलेंस सेवा 108 आदि के बारे में चर्चा कर इन सेवाओं के प्रयोग की प्रक्रिया भी समझाई गई। साइबर अपराध एवं सुरक्षा हेतु छात्राओं को सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर अपराधों, फेक आईडी, ऑनलाइन फ्रॉड, ब्लैकमेलिंग आदि से बचने के उपाय बताए गए साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 शिकायत करने की प्रक्रिया बताई गई।